**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3313**

**उत्तर देने की तारीख-16/12/2024**

**मध्य प्रदेश में स्मार्ट क्लासरूम**

**3313. श्रीमती संध्या राय:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश विशेष रूप से भिंड जिले में पिछले पांच वर्षों के दौरान स्मार्ट कक्षाओं से सुसज्जित स्कूलों की संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा स्मार्ट कक्षाओं हेतु स्कूलों के चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया/मानदंड क्या हैं और सरकार द्वारा स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए चिह्नित किए गए सरकारी स्कूलों की सूची क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान स्कूलवार कितनी राशि व्यय की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में 2,041 स्कूल स्मार्ट कक्षाओं से सुसज्जित हुए हैं और भिंड जिले में 22 स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं स्थापित की गई हैं।

(ख) और (ग): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग वर्ष 2018-19 से समग्र शिक्षा - स्कूल शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना क्रियान्वित कर रहा है। यह स्कूल शिक्षा क्षेत्र के लिए प्री-स्कूल से बारहवीं कक्षा तक का एक व्यापक कार्यक्रम है और इसका उद्देश्य स्कूल शिक्षा के सभी स्तरों पर समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।

समग्र शिक्षा के स्मार्ट कक्षा घटक में छठी से बारहवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इस घटक के तहत स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिसमें इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड/डिस्प्ले यूनिट, ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस), एलसीडी/एलईडी/प्लाज्मा स्क्रीन, प्रिंटर, स्कैनर, लैपटॉप/टैबलेट/डेस्कटॉप आदि शामिल हैं।

**आर्थिक प्रावधान**: स्मार्ट कक्षाओं (प्रति स्कूल 2 स्मार्ट कक्षाएं) के लिए गैर-आवर्ती अनुदान 2.40 लाख रुपये और आवर्ती अनुदान 38000 रुपये (ई-कंटेंट और डिजिटल संसाधन, बिजली के प्रभार सहित) है।

शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। केंद्र सरकार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, स्कूल शिक्षा के लिए केंद्र प्रायोजित योजना- समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिजिटल पहल घटक के लिए धनराशि उपलब्ध कराती है। तथापि, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपनी आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराने के लिए स्वतंत्र हैं।

मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, भिंड जिले में पिछले पांच वर्षों के दौरान स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए चिन्हित किए गए सरकारी स्कूलों और सरकार द्वारा खर्च की गई राशि का ब्यौरा **अनुलग्नक** में है।

****

**अनुलग्नक**

**'मध्य प्रदेश में स्मार्ट क्लासरूम' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती संध्या राय द्वारा पूछे गए दिनांक 16.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3313 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

भिंड जिले में पिछले पांच वर्षों के दौरान स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना के लिए चिन्हित सरकारी स्कूलों और सरकार द्वारा व्यय की गई राशि का ब्यौरा

| **क्र.सं.** | **स्कूल का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **वार्षिक व्यय (लाख में) (लाख में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनावकलां | 2021-22 | 2.4 |
| 2 | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव | 2021-22 | 2.4 |
| 3 | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुन्हद | 2021-22 | 2.4 |
| 4 | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसाई | 2021-22 | 2.4 |
| 5 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलाओ | 2021-22 | 2.4 |
| 6 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लहरोली | 2021-22 | 2.4 |
| 7 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुन्हाटा (हवलदार सिंह का पुरा) | 2021-22 | 2.4 |
| 8 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदूपुरा | 2021-22 | 2.4 |
| 9 | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहवलिउबारी | 2021-22 | 2.4 |
| 10 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जामसाड़ा | 2021-22 | 2.4 |
| 11 | राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुरा | 2021-22 | 2.4 |
| 12 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौमोहो | 2021-22 | 2.4 |
| 13 | राजकीय उच्चतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरपुर | 2021-22 | 2.4 |

*****